न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।

मूल वाद संख्या 593/2022

M/s Al- Ayesha Trading Company & Ors.

Versus

M/s Al-Saqib Exim Pvt. Ltd. & Ors.

दिनांकः 07-07-2025

वाद पुकारा गया। वादी एवं प्रतिवादी संख्या 01 एवं प्रतिवादी संख्या 02 के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित हैं। प्रतिवादी संख्या 03 हसीबा परवीन एवं प्रतिवादी संख्या 4 मैनेजिंग डायरेक्टर मै. अल-साकिब एक्जिम प्रा.लि. की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। दिनांक 21-04-2025 को प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के अधिवक्ता द्वारा प्रतिवादी संख्या 04 की ओर से भी उपस्थित होने का कथन किया था, किन्तु आज उन्होंने प्रतिवादी संख्या 4 का अधिवक्ता होने से इंकार किया है।

पत्रावली में संलग्न रजिस्ट्री रसीद कागज संख्या 33 घ/2 के अवलोकन से यह विदित होता है कि प्रतिवादी संख्या 03 हसीबा परवीन को समन रजिस्टर्ड पोस्ट संख्या RU335321817IN के माध्यम से दिनांक 02-04-2025 को प्रेषित किया गया है तथा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रतिवादी संख्या 03 हसीबा परवीन को समन प्रेषित करने के उपरान्त 30 दिन का समय व्यतीत हो चुका है एवं कार्यालय रिपोर्ट के अनुसार "दिनांक 02-04-2025 को प्रतिवादी संख्या 03 पर की गयी रजिस्ट्री पोस्ट अभी लौटकर प्राप्त नहीं हुई है।" इस प्रकार प्रतिवादी संख्या 03 हसीबा परवीन पर समन की तामील पर्याप्त है। प्रतिवादी संख्या 04 के लिए उभय प्रकार से समन जारी हो। इस निमित वादी आवश्यक पैरवी करे। पत्रावली दिनांक 07-08-2025 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.07.07 16:56:56 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court